# PRE-BOARD EXAMINATION , 2019

## SUBJECT – HINDI CODE (085)

CLASS - X TIME – 3 HOURS

MARKS - 80

**निर्देश:-**

**(i) प्रश्न-पत्र में कुल चार खंड हैं - क,ख ,ग और घ ।**

**(ii) चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।**

**(iii) यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमशः दीजिए ।**

### खंड- क

**1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए:- (9)**

प्रत्येक मनुष्य चाहता है कि जब तक वह जीवित रहे , तब तक उसे सभी प्रकार का सुख प्राप्त होता रहे । अत: वह अधिक से अधिक सुख - समृदधि की कामना करता है । मनुष्य जीवन भर अपने लिए तथा अपने परिवार के लिए जूझता रहता है ताकि वह सुखपूर्वक जी सके ।

व्यक्ति से अगली इकाई परिवार की है । पति , पत्नी , माता - पिता तथा बच्चों से परिवार बनता है । परिवार एक ऐसी इकाई है , जो समाज और राष्ट्र से जुड़ी रहती है । अत: परिवार की सुख - समृदधि और उसकी मंगल - कामना के लिए प्रयत्न करना 'परिवार - नियोजन' कहलाता है ।

परिवार का नियोजन कैसा होगा ? इस प्रश्न पर विचार करना समीचीन है । परिवार को सीमित रखने के प्रयत्न में ही परिवार - कल्याण का भाव निहित है । मनुष्य को यह बात भली प्रकार समझ लेनी चाहिए कि परिवार को बिना सोचो - समझे बढ़ाते चले जाना , मूर्खता के अलावा और कुछ नहीं है । यह दुर्भाग्य की बात है कि हमारे देश की जनसंख्या में अंधाधुंध वृद्धि हो रही है , जिसके परिणामस्वरूप परिवार - कल्याण का कार्य पिछड़ जाता है । परिवार के सभी

लोगों को सुख - समृदधि तभी प्राप्त होगी , जब परिवार के सदस्यों की संख्या सीमित होगी । एक व्यक्ति की आय को बाँटने वाले जब कम होंगे , तब उसे पाने वालों को अधिक धन की प्राप्ति होगी । जनसंख्या वृद्धि ने देश के सम्मुख ऐसी विकट समस्याएँ उपस्थित कर दी हैं कि उनका हल खोजना कठिन होता चला जा रहा है । जिधर देखो , उधर ही लंबी - लंबी कतारें दिखाई देती हैं । इसी कारण नौकरी के अवसरों की भी कमी होती चली जा रही है । परिणामस्वरूप बेरोज़गारी बढ़ती जा रही है । सुख - सुविधा की कमी आ जाएगी ।

1) मनुष्य पूरे जीवन किसके लिए तथा क्यों जूझता रहता है ? **(2)**

2) लेखक की नज़र में ‘ परिवार - नियोजन ’ क्या है तथा यह क्यों आवश्यक है ? **(2)**

3) सीमित परिवार किस प्रकार कल्याणकारी हो सकता है ? **(2)**

4) परिवार को छोटा कैसे रखा जा सकता है ? **(2)**

5) उक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए | **(1)**

**2. काव्यांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** **(6)**

रात यों कहने लगा मुझसे गगन का चाँद,

आदमी भी क्या अनोखा जीव है ।

उलझनें अपनी बनाकर आप ही फँसता,

और फिर बेचैन हो जगता, न सोता है।

जानता है तू कि मैं कितना पुराना हूँ?

मैं चुका हूँ देख मनु को जन्मते- मरते ।

और लाखों बार तुझ-से पागलों को भी

चाँदनी में बैठ स्वप्नों पर सही करते।

आदमी का स्वप्न ? है वह बुलबुला जल का
आज उठता और कल फिर फूट जाता है
किन्तु, फिर भी धन्य ठहरा आदमी ही तो
बुलबुलों से खेलता, कविता बनाता है।

मैं न वह जो स्वप्न पर केवल सही करते,
आग में उसको गला लोहा बनाता हूँ,
और उस पर नींव रखता हूँ नए घर की,
इस तरह दीवार फौलादी उठाता हूँ।

मनु नहीं, मनु-पुत्र है यह सामने, जिसकी
कल्पना की जीभ में भी धार होती है,
बाण ही होते विचारों के नहीं केवल,
स्वप्न के भी हाथ में तलवार होती है।

स्वर्ग के सम्राट को जाकर खबर कर दे
रोज़ ही आकाश चढ़ते जा रहे हैं वे।
रोकिये, जैसे बने इन स्वप्नवालों को,
स्वर्ग की ही ओर बढ़ते आ रहे हैं वे।

**प्रश्न**

**क**) चाँद के माध्यम से कवि ने आदमी को 'अनोखा जीव' क्यों कहा है ? **(2)**

**ख)** 'आदमी का स्वप्न' किस प्रकार का होता है ? **(2)**

**ग)(i)** ‘कल्पना की जीभ में भी धार होती है ’ , पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए - **(1)**

**ii)** प्रस्तुत काव्यांश का उचित शीर्षक लिखिए – **(1)**

**अथवा**

छिप-छिप अश्रु बहाने वालो , मोती व्यर्थ बहाने वालो ,
कुछ सपनों के मर जाने से, जीवन नहीं मरा करता है।
सपना क्या है, नयन सेज पर
सोया हुआ आँख का पानी
और टूटना है उसका ज्यों
जागे कच्ची नींद जवानी
गीली उमर बनाने वालो , डूबे बिना नहाने वालो ,
कुछ पानी के बह जाने से , सावन नहीं मरा करता है।
खोता कुछ भी नहीं यहाँ पर
केवल जिल्द बदलती पोथी
जैसे रात उतार चाँदनी ,
पहने सुबह धूप की धोती
वस्त्र बदलकर आने वालो , चाल बदलकर जाने वालो ,
चंद खिलौनों के खोने से बचपन नहीं मरा करता है।

**प्रश्न**

क) कवि के अनुसार ‘ स्वप्न ’ तथा ‘ स्वप्न का टूटना ’ क्या है ? (2)
ख) ‘ खोता कुछ भी नहीं यहाँ पर , केवल जिल्द बदलती पोथी ’ पंक्ति का क्या आशय है ? (2)
ग) पतझड़ ने क्या कोशिश की और उसका क्या परिणाम हुआ ? (2)

**खंड - ख**

3 शब्द कब पद बन जाता है ? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए । (2)

**अथवा**

शब्द और पद में उदाहरण सहित अंतर स्पष्ट करें ।

4. नीचे लिखे वाक्यों में से किन्हीं तीन वाक्यों का निर्देशानुसार रचना के आधार पर वाक्य रूपांतरण कीजिए :- (3)

क) बच्चे नाश्ता करके विदयालय गए । (संयुक्त वाक्य में )

ख) रूपा नौकरी करना चाहती है । (मिश्र वाक्य में )

ग ) बिजली नहीं थी इसलिए अँधेरा है । ( सरल वाक्य में )

घ) प्रथम आने वाला विदयार्थी पुरस्कार पाएगा । (मिश्र वाक्य में)

5.निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं दो शब्दों का समास-विग्रह करते हुए समास का नाम लिखिए :- (2)

प्रत्यक्ष , देशभक्ति , मोदकप्रिय

ख) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं दो के समास-विग्रह को समस्तपद में परिवर्तित करके समास का नाम लिखिए :- (2)

अ) महान है जो वीर

ब) देश और विदेश

स) नव रत्नों का समूह

6. निम्नलिखित वाक्यों में से किन्हीं चार वाक्यों को शुद्ध करके पुनः लिखिए :- (4)

क) मेरा कान मत खाओ ।

ख) एक गीतों की पुस्तक चाहिए ।

ग )बच्चों से परीक्षा नहीं दी ।

घ) रमेश तीन आम खाए ।

ङ) उसे नौकर से बुलाओ ।

7. निम्नलिखित वाक्यों में से किन्हीं दो की पूर्ति उचित मुहावरों द्वारा कीजिए :- (2)

क) रोहन को तिलेश ---------------------------- ।

ख) परिस्थितियाँ विपरित होने पर इनसान के ------------- का खतरा बना रहता है ।

ग) कबूतरों ने घर के रोशनदान में घोंसला बनाकर वहीं --------------- है ।

## खंड–ग

8. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए** :-

क) पुलिस कमिश्नर के नोटिस और कौंसिल के नोटिस में क्या अंतर था ? (2)

ख) 'झेन की देन' के आधार पर लिखिए कि चाय पीने के बाद लेखक ने क्या परिवर्तन महसूस किया ? (2)

ग) बडे भाई साहब दिमाग को आराम देने के लिए क्या करते थे ? (1)

**अथवा**

वजीर अली से सिपाही क्यों तंग आ चुके थे ?

9. रूढियाँ जब बंधन बन बोझ बनने लगें तब उनका टूट जाना ही अच्छा है | क्यो? स्पष्ट कीजिए| (5)

**अथवा**

आशय स्पष्ट कीजिए :-

नेचर की सहनशक्ति की एक सीमा होती है | नेचर के गुस्से का एक नमूना कुछ साल पहले बंबई में देखने को मिला था|

10. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :-

क) शाल के वृक्ष भयभीत होकर धरती में क्यों धँस गए ? (2)

ख) मीराबाई श्याम की चाकरी क्यों करना चाहती है ? स्पष्ट कीजिए | (2)

ग) कबीर के दोहों को साखी क्यों कहा जाता है ? (1)

**अथवा**

शासक वर्ग को तोप कविता से क्या प्रेरणा लेनी चाहिए ?

11. मनुष्यता कविता में कवि ने किन-किन उदाहरणों से परोपकार का क्या संदेश दिया है ? विस्तार से लिखिए । (5)

**अथवा**

कवि की ईश्वर में आस्था पूर्णतः सकारात्मक है | 'आत्मत्राण' कविता के आधार पर इस कथन को स्पष्ट करें ।

12.हरिहर काका पाठ में किस यर्थाथ को उजागर किया गया है ? उससे आपको क्या सीख मिलती है ? (5)

**अथवा**

पाठ में वर्णित घटनाओं के आधार पर पीटी सर की चारित्रिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए

**खंड - घ**

**13.**दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर किसी एक विषय पर 80–100 शब्दों का अनुच्छेद लिखिए :- **(5)**

**(क) स्वस्थ जीवन के लिए व्यायाम**

**संकेत बिंदु** : * शरीर और मन की स्वस्थता *व्यायाम, आसन, प्राणायाम,

* खान-पान और रहन-सहन * स्व्स्थ व्यकित, स्वस्थ परिवार

**(ख) ई–कचरा**

**संकेत बिंदु** : * ई-कचरा से तात्पर्य *चिंता का कारण * निपटान के उपाय

**(ग) दैव-दैव आलसी पुकारा**

**संकेत बिंदु**: * सूक्ति का अर्थ * आलसी भाग्य सहारे * परिश्रम कर्म

* सकारात्मक सोच ही सफलता की कुंजी

14.आपका टेलीफोन खराब है । टेलीफोन निगम के महाप्रबंधक से शिकायत करते हुए पत्र लिखिए । **(5)**

**अथवा**

बढती हुई महँगाई पर चिंता प्रकट करते हुए किसी दैनिक समाचार-पत्र के प्रधान संपादक को पत्र लिखिए ।

15.गुमशुदा लडकी की तलाश के लिए अखबार में सूचना देने के लिए 25-30 शब्दों में सूचना तैयार कीजिए । **(5)**

**अथवा**

सनातन धर्म पाठशाला , झाँसी में आगामी सत्र से सभी कक्षाओं की फीस में 30%  वृदधि किए जाने की सूचना लिखिए ।

16.धूमपान स्वास्थ्य के लिए हानिकारक विषय पर दो मित्रों के बीच संवाद लिखिए । **(5)**

**अथवा**

दो खोंमचे वालों के बीच हुई बातचीत को संवाद के रूप में लिखिए ।

17.'विश्व जल दिवस' पर विज्ञापन तैयार कीजिए । **(5)**

**अथवा**

उत्तम गुणवत्ता की कापियाँ अथवा नोटबुक्स वाली कंपनी की ओर से विज्ञापन तैयार कीजिए ।

*******************************************************